बिग बॉस में सलमान की वापसी



पूर्व निर्धारित पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण पिछले सप्ताह अनुपस्थित रहने के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने रियलिटी शो बिग बॉस 20 के मंच पर मुख्य होस्ट के रूप में धमाकेदार वापसी की है। वीकेंड का वार के ताजा एपिसोड में सलमान खान बेहद कड़े रुख में नजर आए और उन्होंने घर के सदस्यों की गलतियों पर उन्हें जमकर फटकार लगाई। विशेष रूप से प्रसिद्ध गेमर और प्रतिभागी स्काउट उनके निशाने पर रहे। जारी किए गए प्रोमो में सलमान खान, प्रतिभागी स्काउट से उनकी साथी प्रतिभागी लव गिल के साथ रिश्ते और वफादारी को लेकर सीधे सवाल पूछते दिखाई दे रहे हैं। पिछले एपिसोड में स्काउट की वास्तविक गर्लफ्रेंड काशवी ने घर में आकर लव गिल के साथ स्काउट की बढ़ती नजदीकियों और उन्हें मसाज देने की आदतों पर कड़े सवाल खड़े किए थे।

सिद्धार्थ कियारा के साथ वरुण ने शेयर की तस्वीर



वरुण धवन ने अपने सह-कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनकी पत्नी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ अपनी हालिया मुलाकात की बेहद खूबसूरत तस्वीर साझा की है। साझा की गई इस तस्वीर में तीनों कलाकार काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जहां पीछे कियारा एक मजाकिया अंदाज में पोज दे रही हैं और सिद्धार्थ अपनी पत्नी का ध्यान रखते दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद लंबे समय से दोनों अभिनेताओं के बीच किसी भी प्रकार की व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता या आपसी मनमुटाव की चल रही तमाम अफवाहों और अटकलों पर पूरी तरह से विराम लग गया है। वरुण धवन ने इस तस्वीर को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए एक बेहद आत्मीय संदेश भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आपस में विचार-विमर्श या किसी बात पर बहस होना एक अलग विषय है, लेकिन उनके और उनके भाई समान मित्र सिद्धार्थ के बीच कभी भी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं रही है।

शिवानी के लिए रिश्ता तलाशेंगी सीमा



शेमारूमी ने भारत की मशहूर रिश्ता विशेषज्ञ सीमा तपारिया के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के तहत शो एक कन्या कुँवारी को केंद्र में रखते हुए एक दिलचस्प और मनोरंजक पहल शुरू की गई है। यह गुजराती ड्रामेडी शिवानी दवे की कहानी है, जो अरेंज्ड मैरिज यानि पारंपरिक तरीके से तय होने वाली शादी की अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में आगे बढ़ते हुए कई संभावित जीवनसाथियों से मिलती हैं।रिश्ते तय करने के अपने खास अंदाज और लोगों की शख्सियत, पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा उनकी अपेक्षाओं को समझने की क्षमता के लिए मशहूर सीमा तपारिया, एक कन्या कुँवारी की दुनिया में कदम रखती हैं। वे शिवानी के लिए एक उपयुक्त जीवनसाथी तलाशने में अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करती हैं। यह साझेदारी शो को वास्तविक जीवन से जोड़ने का एक मनोरंजक प्रयास है, जिसमें सीमा उन खूबियों, आपसी तालमेल और अपेक्षाओं को करीब से परखती हैं, जो किसी सही रिश्ते की तलाश में अहम् भूमिका निभाते हैं।

मीरा ने लगाया अटकलों पर विराम

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने उनके परिवार के विस्तार को लेकर चल रही तमाम तरह की अटकलों पर विराम लगा दिया है। मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर मीरा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह और शाहिद अब अपने परिवार में तीसरे बच्चे का आगमन नहीं चाहते हैं। प्रोमो में करीना कपूर और मीरा राजपूत के बीच काफी सहज, मजेदार और बेबाक चर्चा होती दिखाई दे रही है। बातचीत के दौरान जब करीना ने मीरा से पूछा कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन के बारे में अब तक की सबसे अजीब या हैरान करने वाली कौन सी अफवाह सुनी है, तो मीरा ने बिना झिझक के जवाब दिया। मीरा ने बताया कि उनके और शाहिद के तीसरे बच्चे को लेकर अक्सर मीडिया में झूठी खबरें और अटकलें लगाई जाती रहती हैं, जो बेहद अजीब लगती हैं। इस पर करीना ने मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा होना मुमकिन भी हो सकता है, लेकिन मीरा ने तुरंत मुस्कुराते हुए स्पष्ट किया कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है और उनका परिवार अब पूरी तरह से संपन्न और पूरा है।



अनन्या का शनाया को अनोखे तोहफा



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी बचपन की सबसे करीबी दोस्त और अभिनेत्री शनाया कपूर को उनके जन्मदिन पर बेहद खास और अनोखे अंदाज में शुभकामनाएं दी हैं। संजय कपूर और महीप कपूर की सुपुत्री शनाया कपूर के जन्मदिन के अवसर पर अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर की सबसे खास बात यह थी कि अनन्या ने एक कैजुअल काली टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिस पर शनाया के बचपन की एक बेहद प्यारी तस्वीर छपी हुई थी। अनन्या ने इस अनोखे परिधान के साथ सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए शनाया को अपने जीवन का सबसे अहम हिस्सा बताया। उन्होंने शनाया के जन्मदिन उत्सव की एक झलक भी साझा की, जिसमें जन्मदिन की नायिका काले रंग की ऑफ-शोल्डर पोशाक में केक की मोमबत्ती बुझाती नजर आ रही हैं।

रामसे ब्रदर्स की हॉरर फिल्मों का जादू बरकरार है,



भारत में हैलोवीन के लोकप्रिय होने से बहुत पहले ही रामसे ब्रदर्स ने दर्शकों को भूतों, चुड़ैलों, पिशाचों और डरावने रहस्यमयी किरदारों की एक अलग दुनिया से परिचित करा दिया था। 'पुराना मंदिर' के सामरी से लेकर 'वीराना' की खौफनाक चुड़ैल तक, उनकी फिल्मों ने हिंदी सिनेमा में हॉरर की एक अलग पहचान बनाई। यही वजह है कि दशकों बाद भी इन फिल्मों का जादू और इनके किरदारों का खौफ दर्शकों के बीच बरकरार है।फिल्ममेकर श्याम रामसे की बेटी नम्रता रामसे ने इस विरासत को करीब से देखा है। रामसे ब्रदर्स की फिल्मों की लोकप्रियता और उनके लंबे समय तक याद रखे जाने की वजह के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं, 'रामसे फिल्मों को खास और यादगार बनाने वाली बात यह है कि वे सिर्फ डराने के बारे में नहीं थीं, बल्कि एक अनुभव देने के बारे में थीं। उनमें हॉरर और ड्रामा का खूबसूरत मेल होता था। आज भी इन फिल्मों से जुड़ी पुरानी यादें लोगों के मन में एक अलग जगह रखती हैं।

मैं हमेशा सारा के साथ खड़ा रहा



नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो डबल डेट में आँरी के हालिया खुलासों ने बॉलीवुड की चर्चित दोस्तियों को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू कर दी है। शो में आँरी ने सच्ची दोस्ती, एकतरफा साथ और उन लोगों के बारे में खुलकर बात की, जिन्होंने उन्हें निराश किया। इस दौरान उन्होंने सारा अली खान समेत उन लोगों के साथ अपनी दोस्ती टूटने के बारे में भी बताया, जिन्हें कभी वह अपना करीबी मानते थे।बातचीत के दौरान आँरी ने कहा कि उनके लिए सच्चे रिश्ते बहुत मायने रखते हैं और वह ऐसी दोस्ती बनाए रखने में विश्वास नहीं करते, जिसमें सच्चाई न हो। अपनी सोच के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सच्ची दोस्ती की तलाश में रहता हूं। मैं ऐसी दोस्ती नहीं निभाना चाहता, जिसमें सच्चाई न हो। मैं एक नकली इंसान हूं, मैं बाहर से और अंदर से पूरी तरह नकली हो सकता हूं, अगर आप चाहते हैं कि मैं वैसा बनूं। '

मुझे थोड़ी घबराहट हो रही थी..



विद्या मालवड़े ने स्टोरी टीवी की स्कैम 2024 - द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी की तेज़ रफ्तार शूटिंग प्रक्रिया के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि किस तरह इस नए फॉर्मेट ने उनके सामने चुनौतियां पेश कीं, साथ ही उन्हें अपने अभिनय कौशल और कला के प्रति ईमानदार बने रहने का अवसर भी दिया।स्मॉल टाउन बॉयज़ के निर्माण और आलोक शर्मा के निर्देशन में बनी स्कैम 2024 - द डिजिटल अरेस्ट स्टोरी में विद्या, प्रिया शर्मा की भूमिका निभा रही हैं। प्रिया एक कामकाजी महिला हैं, जो एक सुनियोजित डिजिटल अरेस्ट स्कैम का शिकार हो जाती हैं। विद्या ने कहा, 'सबसे बड़ी चुनौती चार दिनों में लगभग 80-90 पन्नों की शूटिंग पूरी करना था। मुझे थोड़ी घबराहट थी कि क्या मैं अपने संवाद याद रख पाऊंगी और पूरी प्रक्रिया किस तरह आगे बढ़ेगी। मैं नहीं चाहती थी कि किसी सीन को इतनी जल्दी पूरा करने की प्रक्रिया के कारण एक अभिनेत्री के तौर पर मेरी क्षमता और अभिनय से कोई समझौता हो। '

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में विश्वसुर की एंट्री

गोकुलधाम सोसाइटी में एक बार फिर त्योहारों का माहौल देखने को मिल रहा है। असित कुमार मोदी के लोकप्रिय पारिवारिक कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोसाइटी के सभी निवासी नवरात्रि के जश्न की तैयारियों में जुटे हैं। टप्पू सेना इस उत्सव को लेकर बेहद उत्साहित है, वहीं भिड़े सोसाइटी के सीमित बजट में नवरात्रि समारोह की व्यवस्था कैसे की जाए, इस बारे में सोच रहा है। लेकिन इसी बीच एक अप्रत्याशित घटना सब कुछ बदलती नजर आ रही है।

शो के निर्माताओं ने 'विश्वसुर आ रहा है' कहकर एक रहस्यमयी संकेत दिया है, जिससे आने वाले एपिसोड में कुछ अनोखा होने की उत्सुकता बढ़ गई है। शो के निर्माता असित कुमार मोदी ने विश्वसुर को बेहद खतरनाक बताया है। ऐसे में विश्वसुर की एंट्री गोकुलधाम सोसाइटी के निवासियों को हैरान कर सकती है।



तुषार कपूर से मांगी गई 5 करोड़ की फिरौती



बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को कथित तौर पर लॉरेंस गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से फोन आया। फोन करने वाले ने 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। न्यूज एजेंसी ढ्रुक्स के मुताबिक, तुषार कपूर ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। इसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई। क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। इसके बाद आवाज का मिलान हैरी बॉक्सर के आधिकारिक ऑडियो सैंपल से किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आवाजें आपस में मेल नहीं खातीं। इससे पुलिस को शक है कि यह फर्जी कॉल था। किसी ने गैंग का नाम लेकर डर पैदा करने की कोशिश की।

तलविंदर की ईपी पेटेड फीलिंग्स पूरी



पंजाबी गायक एवं गीतकार तलविंदर ने अपनी चार गानों वाली ईपी पेंटेड फीलिंग्स को दो नए ट्रैक गीत और जिंद मेरी के साथ पूरा कर दिया है। इससे पहले ईपी के अस्से पस्से और किडजेवेस्ट के साथ मंगदा वापिस क्यों रिलीज हो चुके हैं। नए गानों के साथ गीत का म्यूजिक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें तलविंदर काउबॉय लुक में नजर आ रहे हैं। ईपी की रिलीज पूरी होने के मौके पर मुंबई में विशेष संगीत एवं कला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 50 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लेकर कैनवस पर म्यूरल बनाए और चारों गानों से जुड़ी भावनाओं को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में तलविंदर ने लाइव प्रस्तुति दी। उनके साथ एनडीएस और किडजेवेस्ट ने भी परफॉर्म किया।

मिहिर अभिनय के नए पहलुओं को तलाश रहे हैं



एक अभिनेता का सफर सिर्फ एक बड़ी सफलता से नहीं, बल्कि समय-समय पर चुने गए किरदारों और कहानियों से भी तय होता है। मिहिर आहूजा के लिए भी उनका आगे का सफर अलग-अलग दुनिया, भावनाओं और किरदारों को समझने और निभाने का मौका लेकर आ रहा है। मिलिट्री ड्रामा ऑपरेशन सफेद सागर की गंभीर कहानी से लेकर नेटफ्लिक्स की आने वाली फैमिली ड्रामा दिलवाली दिवाली की गर्मजोशी और उज्जैन पर आधारित एक अलग अंदाज की ड्रामेडी तक, मिहिर लगातार अपने अभिनय के नए पहलुओं को तलाश रहे हैं।दिलवाली दिवाली में मिहिर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म एक पंजाबी परिवार और उसके सदस्यों के बीच के भावनात्मक रिश्तों पर आधारित है। इसकी कहानी एक आसान लेकिन दिल को छू लेने वाली बात कहती है कि घर वही होता है, जहां अपना दिल लगता है।

ऑस्कर की रेस में शामिल हुई प्रियंका की वी वर हियर

प्रियंका चोपड़ा जोनस के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है।अभिनेत्री द्वारा निर्मित भारतीय शॉर्ट फिल्म वी वर हियर विश्व के सबसे प्रतिष्ठित एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर पुरस्कारों की दौड़ में शामिल होने के लिए आधिकारिक रूप से योग्य घोषित हो गई है। अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रियंका ने कहा कि यह फिल्म वर्तमान समय के एक अत्यंत प्रासंगिक और गंभीर विषय को बहुत ही अनोखे, मनोरंजक और नए दृष्टिकोण के साथ दर्शकों के सामने प्रस्तुत करती है। प्रियंका चोपड़ा जोनस इस बहुचर्चित शॉर्ट फिल्म से कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़ी हुई हैं। यह फिल्म वास्तव में एक मॉक्यूमेंट्री शैली में बनाई गई काल्पनिक वृत्तचित्र कहानी है। इसकी पटकथा भारत के एक छोटे से शहर में रहने वाले तीन ऐसे बुजुर्ग व्यक्तियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो समाज में तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के प्रभाव और हस्तक्षेप का विरोध करने का एक अनोखा रास्ता चुनते हैं।



कार्टून कोना

